बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग

पत्रांक–4/अ0प्र0–01–01/2016 13231 /पटना, दिनांक–31/12/25

प्रेषक,

जय किशोर ठाकुर,
अभियंता प्रमुख।

सेवा में,

सभी कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग।

विषयः– संवर्गीय कनीय अभियंताओं (कार्यरत/से0वानिवृत एवं मृत) का लंबित/देय ए0सी0पी0/एम0ए0सी0पी0 से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में आप अवगत है कि कनीय अभियंताओं के देय/लंबित वित्तीय उन्नयन की स्वीकृति हेतु अनुशंसा आप सभी के द्वारा विभाग को काफी विलम्ब से की जाती है, फलतः वे ससमय वित्तीय उन्नयन के लाभ से वंचित रह जाते है। कतिपय मामलों में वांछित सूचना के अभाव के कारण संबंधित कनीय अभियंताओं का वित्तीय उन्नयन की स्वीकृति से संबंधित मामला लंबित रह जाता है, जिसके परिणामस्वरूप बेवजह मामला न्यायालय के शरण में चला जाता है, इसके कारण विभाग को असहज स्थिति का सामना करना पड़ता है।

विदित हो कि संवर्गीय कनीय अभियंता (कार्यरत/सेवानिवृत एवं मृत) के लंबित वित्तीय उन्नयन की स्वीकृति से संबंधित मामलों का समय सीमा के अन्दर नियमानुकूल निष्पादन किया जाना है, सम्प्रति कतिपय कनीय अभियंताओं का मामला विभाग के समक्ष विचाराधीन है। विभाग प्रयासरत है कि वैसे सभी कनीय अभियंता, जिनका वित्तीय उन्नयन लंबित है, उन सभी के मामलों पर समेकित रूप से एक साथ निर्णय लिया जाय।

अतः उक्त के आलोक में आप सभी को निदेश दिया जाता है कि आपके नियंत्रणाधीन पदस्थापित वैसे कनीय अभियंता (कार्यरत/सेवानिवृत/मृत्त) जिनका वित्तीय उन्नयन लंबित है, उनके संबंध में संलग्न **विहित प्रपत्र में साक्ष्य सहित वांछित सूचना/प्रतिवेदन (सेवापुस्त की अभिप्रमाणित प्रति के साथ) अनुशंसा के साथ 24 घंटे के अन्दर** ई–मेल–jesection04@gmail.com **पर निश्चित रूप से विभाग को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।** साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि इसके अतिरिक्त तत्काल आपके कार्यालय में कोई भी मामला लंबित नहीं है। इसका दृढ़तापूर्वक अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

अनु0:– यथोक्त।

विश्वासभाजन

31.12.25

अभियंता प्रमुख।

पत्रांक–4/अ0प्र0–01–01/2016 13231 /पटना, दिनांक–31/12/25

प्रतिलिपिः– सभी मुख्य अभियंता/सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग एवं आई0टी0मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

31.12.25

अभियंता प्रमुख।

Under secretary

विहित प्रपत्र

वरीयता क्रमांक	नाम एवं गृह जिला	जन्म तिथि	स्थायी पता एवं पत्राचार का पता	नियमित कनीय अभियंता के पद पर नियुक्ति का आदेश एवं तिथि (पैतृक विभाग)	योगदान की तिथि	यदि कार्यभारित /दैनिक वेतन भोगी स्थापना में नियुक्त हुये है, तो नियुक्ति से संबंधित आदेश एवं तिथि तथा दिये गये योगदान की तिथि	कार्यभारित स्थापना से नियमित स्थापना में सम्परिवर्तित होने से संबंधित आदेश सं0 एवं तिथि	हिन्दी टिप्पण एवं प्रारूपण/विभागीय परीक्षा में उत्तीर्णता का वर्ष	सम्पुष्टि की तिथि (साक्ष्य सहित)	प्रथम ए0सी0पी0 /एम0ए0 सी0पी0 देय/ लंबित होने की तिथि। (यदि प्राप्त हो गया है, तो प्राप्ति की प्रभावी तिथि एवं एतद संबंधी आदेश की छायाप्रति)	द्वितीय ए0सी0पी0 /एम0ए0 सी0पी0 देय/लंबित होने की तिथि। (यदि प्राप्त हो गया है, तो प्राप्ति की प्रभावी तिथि एवं एतद् संबंधी आदेश की छायाप्रति)	तृतीय एम0ए0 सी0पी0 देय/ लंबित होने की तिथि	अद्यतन सत्यापित सेवापुस्त की छाया प्रति	गोपनीय वार्षिक/ विशेष चारित्री प्रतिवेदन (मृत्त/सेवानिवृत कनीय अभियंताओं के मामले में लंबित प्रत्येक वित्तीय उन्नयन की देय तिथि से पूर्व के पाँच सालों का)	यदि निगम/ बोर्ड आदि से विभाग में समायोजित है, तो स्पष्ट सूचना साक्ष्य सहित अंकित करे।	सेवा इतिहास (प्रारम्भ से वर्त्तमान तक का पदस्थापन विवरणी)	अभ्यु[illegible]
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18

संबंधित कनीय अभियंता का हस्ताक्षर
(कार्यरत रहने की स्थिति में)

नियंत्री पदाधिकारी का हस्ताक्षर एवं मुहर